## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 24.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा, आज, हिन्दुस्तान,परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण –दि0 24.08.2024

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड करे कार्रवाई : वीडीए

## वरुणा डूब क्षेत्र में साढ़े सात हजार वर्ग फीट में अवैध तरीके से बनाया बैंक्वेट हाल

जागरण संवाददाता, वाराणसी : छावनी स्थित बुद्ध विहार कालोनी में होटल बनारस कोठी और रिवर पैलेस को वाराणसी विकास प्राधिकरण ने क्षतिग्रस्त कर सील कर दिया है। बनारस कोठी से सटे डूब क्षेत्र में बने बैंक्वेट हाल से निकले दूषित जल से वरुणा नदी का पानी दूषित करने, स्वरूप बिगाड़ने के साथ जीव-जंतुओं को खतरा पहुंचा है। विकास प्राधिकरण ने क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखकर बैंक्वेट संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। वरुणा नदी में अवैध निर्माण पर एनजीटी नाराजगी जता चुकी है।

- वीडीए ने 16 अगस्त को नोटिस जारी कर 22 को बुलाया था, नहीं दिया संतोषजनक जवाब
- बैंक्वेट हाल से निकले दूषित जल से वरुणा नदी का पानी हुआ प्रदूषित, बिगाड़ा स्वरूप

वहीं, वीडीए ने वरुणा नदी के डूब क्षेत्र में बैंक्वेट हाल बनने पर 16 अगस्त को नोटिस जारी करने के साथ 22 अगस्त को सुनवाई के लिए संचालक को बुलाया था, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।

वीडीए ने जांच में होटल बनारस कोठी से सटे वरुणा नदी के डूब क्षेत्र में साढ़े सात हजार वर्ग फीट में बैंक्वेट हाल मिला था। वरुणा के डूब क्षेत्र में होटल मालिक जाफर अली खान ने एक साल के अंदर साढ़े सात हजार वर्ग फीट में बैंक्वेट हाल और रेस्टोरेंट बना लिया।

**27 जुलाई को वीडीए ने क्षतिग्रस्त कर होटल किया है सील:** बुद्ध विहार कालोनी में अवैध तरीके से बने होटल बनारस कोठी और रिवर पैलेस के खिलाफ ध्वस्तीकरण का आदेश पारित करते हुए 27 जुलाई को विकास प्राधिकरण ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। दोनों होटलों में करीब 90 कमरे हैं। साथ ही होटल संचालक को खुद होटल तोड़ने को कहा है। होटल संचालक के खुद होटल नहीं तोड़ने पर वीडीए अपने स्तर से तोड़ने की कार्रवाई करेगा। वीडीए ने होटल संचालक जाफर अली खान को रिमाइंडर नोटिस भी भेजा है।



वरुणा नदी के डूब क्षेत्र में साढ़े सात हजार वर्ग फीट में बना बैंक्वेट हाल • जागरण

> वरुणा के डूब क्षेत्र में साढ़े सात हजार वर्ग फीट में अवैध तरीके से बैंक्वेट हाल और रेस्टोरेंट बनाया गया है। यह स्थल पर्यटकों के लिए असुरक्षित है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा गया है। वरुणा नदी के स्वरूप से छेड़छाड़ करने के साथ जीव-जंतुओं को खतरा पहुंचाया है। –पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

### दैनिक जागरण –दि0 24.08.2024

# बेसमेंट में कारोबार तो होगा केस

## वीडीए उपाध्यक्ष ने 265 बेसमेंटों की सूची जोनल अफसरों को सौंपी

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी : दिल्ली के राजेंद्र नगर में एक कोचिंग बेसमेंट में तीन बच्चों की मौत होने पर शासन के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण ने तेजी से कार्रवाई की। एक सप्ताह में वीडीए ने 265 बेसमेंट में कारोबार मिलने पर नोटिस जारी कर उन्हें तीन दिन में खाली करने की मोहलत दी।

105 बेसमेंट को खाली कराने के साथ छह को सील भी किया। 154 को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलवाया था। कार्रवाई धीमी होने के साथ बेसमेंट में लोग फिर कारोबार करने लगे। मिली शिकायतों पर वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सभी जोनल अधिकारी को सूची देने के साथ सत्यापन रिपोर्ट मांगी है। कहा, यदि बेसमेंट में कारोबार होता मिला तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएं।

**105** बेसमेंट खाली कराने के साथ 154 को बुलाया था सुनवाई को

- सत्यापन के साथ थानेवार सूची बनाकर वीडीए करेगा कार्रवाई

बेसमेंट में कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश करते हुए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा खुद क्षेत्र में निकल पड़े। दोनों अधिकारियों ने 20 से अधिक बेसमेंट का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ कारोबार बंद करने को कहा। जोनल अधिकारी को बेसमेंट में वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा।



> बेसमेंट में कारोबार नहीं होने दिया जाएगा। एक सप्ताह तक हुई कार्रवाई की सूची जोनल अधिकारी को सौंपी गई है। सत्यापन रिपोर्ट आने के साथ उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। – पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

### वीडीए ने ऐसे की कार्रवाई

- 30 जुलाई को 45 बेसमेंटों की जांच, 14 में मिले कारोबार
- 31 जुलाई को 61 बेसमेंट में मिले कारोबार
- एक अगस्त को 57 बेसमेंटों की जांच, 27 मिले कारोबार
- तीन अगस्त को 26 के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

## दैनिक जागरण –दि0 24.08.2024

# हर व्यक्ति का सपना, काशी में हो घर अपना

**बोले मंत्री रवींद्र जायसवाल**



विकास प्राधिकरण वाराणसी के स्थापना के 50वीं वर्षगांठ पर वीडीए कालोनी शिवपुर में आयोजित कैंप के उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते मंत्री रवींद्र जायसवाल• जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को शिवपुर स्थित वीडीए कालोनी में कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं दूर की गई। विकास प्राधिकरण सेवा सप्ताह कैंप में आए लोगों को वीडीए की चल रहीं योजनाओं के बारे में बताया गया। वीडीए का सबसे अधिक जोर था अवैध निर्माण को रोकना और अधिक से अधिक भवनों का नक्शा पास करना था। भवन बनाने से पहले वीडीए से नक्शा जरूर पास कराएं। इसके लिए वीडीए कार्यालय में अलग से सेंटर बनाने के साथ कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

कैंप का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि स्टांप व पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि बनारस ही नहीं, पूर्वांचल समेत कई राज्यों के लोगों की इच्छा होती है उनका एक मकान काशी में जरूर हो। एमएलसी धर्मेंद्र राय ने कहा कि वीडीए की कई योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिला है। वीडीए की योजना मील का पत्थर साबित हो रही हैं। वीडीए बोर्ड सदस्य अंबरीष भोला ने कहा कि वीडीए कम बजट में गरीबों को फ्लैट दिया है और आगे भी देता रहेगा।

## न्यायाधीश –दि0 24.08.2024

# प्राधिकरण सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस किया गया जन शिकायतों का निस्तारण



वाराणसी।वाविप्रा के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय में स्वर्ण जयंती के रूप मे प्राधिकरण द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 23 अगस्त को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस को शिवपुर आवासीय योजना पार्क में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया ।'उक्त आयोजन मे मुख्य अतिथिं रविन्द्र जायसवाल राज्य मंत्री:स्वतंत्र प्रभार,विशिष्ट अतिथिं, धर्मेन्द्र रायए , सदस्य विधान परिषद एवं विशिष्ट अतिथि ,अम्बरीश सिंह भोला ;माननीय सदस्य प्राधिकरण बोर्ड, उपथित रहे। आयोजित कैम्प मे उपस्थित ,मंत्री एवं अतिथिगण को उपाध्यक्ष वी0डी0ए द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर स्वागत किया गया।' उक्त सेवा कैम्प मे प्राधिकरण के विभिनन अनुभागों जैसे संपत्ति नियोजन निर्माण मानचित्र एवं भवन अनुभाग के द्वारा जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। आगंतुक जनता को प्राधिकरण की रिक्त संपत्तियों के सन्दर्भ में जानकारी दी गयी।इस मौके पर भवन एवं मानचित्र अनुभाग द्वारा कैम्प अवधि में 07 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। संपत्ति अनुभाग द्वारा कुल 05 लाभाथिन्यों अनिल कुमार चक्रवाल श्रीमती मीना सिंह ` आशीष कुमार श्रीमती रमावती देवीए श्री फुनन्ू लाल को सम्पत्ति का कब्ज़ा पत्र प्रदान किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कैम्प में 50 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की एवं 09 शमन मानचित्र दाखिल कराये गये एवं पहले से दाखिल 12 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गयाए कैम्प मे कुल 460 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।'उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग ने बताया कि वी0डी0ए0 वाराणसी के सुनियोजित विकास हेतु सतत प्रयासरत है। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। जिसमें योजनाबद्ध ढंग से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है।'

## हिन्दुस्तान –दि0 24.08.2024

# लोगों की समस्याएं उनके बीच हल हों

**वीडीए**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने कहा कि वीडीए प्रशासन को आमलोगों के बीच जाकर मानचित्र, नामांतरण आदि समस्याओं का समाधान कराना चाहिए। इससे उन्हें चक्कर नहीं काटना पड़ेगा।

शुक्रवार को राज्यमंत्री वीडीए की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को शिवपुर में सेवा सप्ताह का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे। रवींद्र जायसवाल ने पांच लाभार्थियों अनिल कुमार चक्रवाल, मीना सिंह, आशीष कुमार, रमावती देवी, फुन्नू लाल को सम्पत्ति का आवंटन पत्र प्रदान किया।

शिवपुर कॉलोनी के पार्क में वीडीए ने कैंप लगाकर आम लोगों की शिकायतें हल कीं। कैम्प में संपत्ति, नियोजन, निर्माण, मानचित्र एवं भवन विभागों के स्टॉल पर लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। सात शमन मानचित्र स्वीकृत किए गए। कैम्प में 50 नोटिस की सुनवाई हुई और 9 शमन मानचित्र दाखिल हुए। पहले से दाखिल 12 शमन मानचित्र में आपत्तियों का निस्तारण हुआ। इससे पहले उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने राज्यमंत्रीरवींद्र जायसवाल, विशिष्ट अतिथि एमएलसी धर्मेन्द्र राय, वीडीए बोर्ड के नामित सदस्य अम्बरीश सिंह भोला को सम्मानित किया। इस दौरान सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा अन्य अफसर रहें।

**इन स्थानों पर वीडीए के कैंप**

वीडीए प्रशासन सेवा सप्ताह के दौरान 2 सितंबर तक रोज दिन में 11 बजे से कैंप लगाएगा। इसमें नोटिस, सीलिंग पर सुनवाई, मानचित्र, नामांतरण के लिए स्टॉल लगेंगे।

**कब कहां लगेगा शिविर**

| तारीख | स्थान |
|---|---|
| 24 अगस्त | संजय गांधी नगर पार्क |
| 27 अगस्त | लालपुर आवासीय योजना |
| 28 अगस्त | संत रविदास पार्क |
| 29 अगस्त | ट्रांसपोर्ट नगर मोहनसराय साइट दफ्तर |
| 30 अगस्त | समनगर आवासीय योजना |
| 31 अगस्त | प्रधानमंत्री आवास दासेपुर |
| 01 सितंबर | रविवार अवकाश |
| 02अगस्त | मॉडल इंटर कॉलेज, मिर्जापुर |

## आज–दि0 24.08.2024

# सात शमन मानचित्र हुए स्वीकृत, ५० नोटिसों पर हुई सुनवाई

## रवीन्द्र जायसवाल ने विप्रा कैंप का किया शुभारंभ

वाराणसी विकास प्राधिकरण के ५० वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को शिवपुर आवासीय योजना के पार्क में एक कैंप लगाया गया। कैंप के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल थे। मंत्री के देखरेख में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय लोगों के भवन संबंधित समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। कार्यक्रम में परमानन्दपुर में मानचित्र स्वीकृत होने का डिमांड लेटर दिया गया। वहीं एक भवन में लगे सील को खोलते हुए मानचित्र स्वीकृत किया गया। वरुणा विहार, लालपुर आवासीय योजना फेस-१, दांदूपुर मौजा ऐढ़े वाई सिकरौल और अर्दलीबाजार में दाखिल किये गये शमन मानचित्रों पर आवश्यक संशोधन के बाद स्वीकृति प्रदान की गयी। इस प्रकार से कैंप में सात शमन मानचित्रों को विप्रा ने स्वीकृति की मोहर लगायी। वहीं सम्पत्ति अनुभाग से पांच लाभार्थियों को संपत्ति का कब्जा पत्र दिया गया।



शिवपुर वार्ड के ५० नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी। जिसमें १२ शमन मानचित्रों की ड्राइंग सुधार करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को बताया गया। भू-स्वामियों के आपत्ति से संबंधित प्रकरण का निराकरण किया गया। कैंप में ४६० लोगों की उपस्थिति थी। वहीं विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शिवपुर आवासीय कालोनी में रहने वाले लोगों से अपील की। कालोनी हराभरा रखने के लिए पौधा रोपण पर विशेष ध्यान दें, जिससे कि शुद्ध वातावरण प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि विप्रा का मुख्य उद्देश्य लगातार विकास करना और योजनाबद्ध तरीके से शहर और ग्रामीण क्षेत्रोंमें लोगों को जागरूप करते हुए विकास कार्य करना है। आयोजन में स्वतंत्र प्रभार मंत्री के अलावा सदस्य विधान परिषद एवं सदस्य प्राधिकरण बोर्ड के अंब्ररीश सिंह भोला उपस्थित थे। उपाध्यक्ष ने अतिथियों को एक शाल और पौधा देकर सम्मानित किया। शनिवार को प्रातः १० बजे से सायं काल चार बजे तक संजय गांधी नगर, चौका घाट, काटन मिल में प्राधिकरण की सेवा सप्ताह मनाया जायेगा। जिसमें क्षेत्रीय लोग विप्रा से संबंधित आवास की समस्या का त्वरित निराकरण करायेंगे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन–दि0 24.08.2024

# वीडीए ने 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया स्वर्ण जयंती




**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शुक्रवार को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस को शिवपुर आवासीय योजना पार्क में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि रविन्द्र जायसवाल राज्य मंत्री, विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र राय, सदस्य विधान परिषद एवं विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला उपथित रहे। आयोजित कैम्प में उपस्थित माननीय, मंत्री एवं अतिथिगण को उपाध्यक्ष वी0डी0ए0 द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर स्वागत किया गया। उक्त सेवा कैम्प में प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों जैसे संपत्ति, नियोजन, निर्माण, मानचित्र एवं भवन अनुभाग के द्वारा जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। आगंतुक जनता को प्राधिकरण की रिक्त संपत्तियों के सन्दर्भ में जानकारी दी गयी।उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि वी0डी0ए0 वाराणसी के सुनियोजित विकास हेतु सतत् प्रयासरत हैं।

वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें योजनाबद्ध ढंग से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 24.08.2024

# सेवा सप्ताह के पहले दिन सात मानचित्रों का निस्तारण

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन किया

**वीडीए के 50 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया आयोजन**

**पहले दिन 460 लोगों ने किया प्रतिभाग**

**मंत्री रविंद्र जायसवाल एमएलसी धर्मेंद्र राय व सदस्य प्राधिकरण बोर्ड अम्बरीश सिंह भोला रहे मौजूद**



जा रहा है, जिसके अंतर्गत शुक्रवार को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस को शिवपुर आवासीय योजना पार्क में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि रविंद्र जायसवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र राय, सदस्य विधान परिषद एवं विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला (सदस्य प्राधिकरण बोर्ड) उपथित रहे। आयोजित कैम्प में उपस्थित मंत्री एवं अतिथिगण को वीडीए उपाध्यक्ष की तरफ से शाल, प्राधिकरण स्मृति चिह्न तथा पौधा देकर स्वागत किया गया। उक्त सेवा कैम्प में प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों जैसे संपत्ति, नियोजन, निर्माण, मानचित्र एवं भवन अनुभाग के द्वारा जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। जनता को प्राधिकरण की रिक्त संपत्तियों के संदर्भ में जानकारी दी गयी। प्राधिकरण सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस पर भवन एवं मानचित्र अनुभाग द्वारा कैम्प अवधि में 07 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। संपत्ति अनुभाग द्वारा कुल 05 लाभार्थियों को संपत्ति का कब्जा पत्र प्रदान किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कैम्प में 50 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की एवं 09 शमन मानचित्र दाखिल कराये गये एवं पहले से दाखिल 12 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया, कैम्प में कुल 460 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।